# मिशन शक्ति अभियान के तहत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज में मिशन शक्ति अभियान पांचवे चरण के तहत आज स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 35 छात्राओं तथा 20 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बीएससी 5वें सेमेस्टर की छात्रा श्रेया शर्मा प्रथम स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में प्रो सी एस चौबे, प्रो पवन पचौरी, डॉ मनीष श्रीवास्तव, डॉ आभा त्रिपाठी , श्री परम प्रकाश सिंह, डॉ.श्रद्धा तिवारी, डॉ. मनोज सिंह, डॉ.प्रिया श्रीवास्तव एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे । महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. गीतांजलि मौर्य ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया।